न्यायालय न्याय निर्णयन अधिकारी (अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट) बांसवाड़ा (राजस्थान)
पीठासीन अधिकारी – अभिषेक गोयल, RAS

प्रकरण संख्या : 65/2023
रजिस्ट्रेशन नं. : 2023/75

राजस्थान राज्य जरिये खाद्य सुरक्षा अधिकारी बॉसवाडा (राज)	बनाम	अभियुक्त :– श्री राजेन्द्र पटेल पुत्र श्री प्रभुलाल पटेल निवासी 6/25 सेक्टर नं. 6, गली नं. 5 व 6 खान्दु कोलोनी, बांसवाडा (विक्रेता/ मालिक) मैसर्स दक्ष ट्रेडर्स, आंबापुरा, जिला बांसवाडा (राज.)

अपराध अन्तर्गत धारा 26 की उपधारा 2(ii) खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, नियम 2011

निर्णय

दिनांक 23–07–2024

संक्षेप में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि **श्री शशिकांत शर्मा** खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बॉसवाडा (राज.) के द्वारा दिनांक **21–09–2023** को यह प्रकरण इस आशय का पेश किया गया कि दिनांक **22–12–2022** को दौराने निरीक्षण 1.30 पी.एम. बजे बाहैसियत खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य पदार्थो की जाँच हेतु **मैसर्स दक्ष ट्रेडर्स, आंबापुरा, जिला बांसवाडा (राज)** पर पहुंचा तो वहाँ पर **श्री राजेन्द्र पटेल पुत्र श्री प्रभुलाल पटेल** मिले, उन्होने बताया कि वह मालिक है। **विक्रेता एवं गवाहान् की उपस्थिति में मैसर्स दक्ष ट्रेडर्स, आंबापुरा, जिला बांसवाडा (राज)** का निरीक्षण करने पर दुकान में **धनिया पाउडर (रजवाडी) के 25 पैकेट 500 ग्राम के रखे हुए थे। धनिया पाउडर (रजवाडी)** जिसमे गणवत्ता की कमी एवं मिसब्राण्ड का शक होने पर विक्रेता को गवाहान की उपस्थिति में फार्म नं.5ए पर सूचना देते हुए **धनिया पाउडर (रजवाडी) के 4 पैकेट प्रत्येक 500 ग्राम** वास्ते नमुना जॉच हेतु खरीदा तथा इनकी कीमत **400/–** रु. विक्रेता को नगद चुका कर रसीद प्राप्त की। जिस पर विक्रेता तथा गवाहान के हस्ताक्षर करवाये [illegible] कर स्वयं खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने हस्ताक्षर किये। नमुना जाँच हेतु [illegible] पाउडर (रजवाडी) के 4 **पैकेट प्रत्येक 500 ग्राम के चार नमूना भाग तैयार कर प्रत्ये**[illegible] भाग पर तैयार किये गये जिस पर डी.ओ एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बॉसवाडा का कोड क्रमांक **W-**

Signature Not Verified
Digitally signed by Abhishek Goyal
Date: 2024.09.20 17:35:20 IST
Reason: SelfAttested

न्याय निर्णयन अधिकारी
(अति. जिला [illegible])
बांसवाड़ा

1258 प्रत्येक नमूना भाग पर चिपकाकर प्रत्येक नमूना भाग को धागे से बांध कर नियमानुसार सील चपडी व सील बंद किया गया। प्रत्येक नमूना भाग पर मालिक एवं गवाह के हस्ताक्षर करवाये। सील बंद नमूनो पर गवाहो के हस्ताक्षर कराकर नमूने का सम्पूर्ण विवरण लिखकर हस्ताक्षर कर चारो नमूना भागो को अपने जाप्ते में लिया। आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मौके पर मौका फर्द रिर्पोट तैयार कर विक्रेता एवं गवाहान को पढकर, सुनाकर, हस्ताक्षर करने को कहा, जिन्होने स्वयं ने भी पढकर, सुनकर, समझकर एवं सही मानकर हस्ताक्षर किये स्वयं खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने भी हस्ताक्षर किये।

कार्यालय पहुचकर फार्म नंबर 6 की प्रतियाँ तैयार की प्रत्येक पर सील मोहर कर एक नमूना मय फार्म न. 6 की एक प्रति आउटर कवर में चपडी से सील मोहर कर, दो फार्म न. 6 की प्रति अलग से एक लिफाफा में बन्द कर, चपडी से सील मोहर कर दो सीलबन्द नमूना तथा शेष नमूने का चौथा भाग मय फार्म नं. 6 की प्रतिया आउटर कवर में चपडी से सील बन्द कर, सील मोहर कर अभिहित अधिकारी खा़द्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकि. एवं स्वा. अधिकारी, बॉसवाडा एवं खाद्य विश्लेषक, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला बॉसवाडा को जमा करवाया।

अभिहित अधिकारी खा़द्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकि. एवं स्वा. अधिकारी, बॉसवाडा के पत्रांक एफ.एस.एस.ए/2022/8 दिनांक 09–01–2023 एवं खाद्य विश्लेषक, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला बॉसवाडा से प्राप्त जांच रिपोर्ट क्रमांक 7 दिनांक 03–01–2023 अनुसार विक्रेता से वास्ते नमूना जांच हेतु क्रय किया गया **धनिया पाउडर (रजवाडी)** का नमुना कोड क्रमांक **W-1258** Misbrandad food under section 3(1)(zf) of food safety and standerds act 2006 पाया गया। जिसकी सूचना विक्रेता/मालिक को दी गई, **श्री राजेन्द्र पटेल पुत्र श्री प्रभुलाल पटेल** ने नमूने की पुनः जाँच हेतु अपील नही की है। प्रकरण अभियुक्त ने मिसब्राण्डेड **धनिया पाउडर (रजवाडी) का** विक्रय कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 26 की उपधारा 2(ii) का उल्लंघन किया है जिस पर उक्त अधिनियम की धारा 52 के अन्तर्गत जुर्माने से दण्डित करने निवेदन किया।

प्रकरण दिनांक 22–09–2023 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर आरोपी को जरिये समन तलब किया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Abhishek Goyal
Date: 2024.09.20 17:35:20 IST
Reason: SelfAttested

न्याय निर्णयन अधिकारी
(अति. जिला ...)
बांसवाड़ा

दिनांक 23–07–2024 को अप्रार्थी ने उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अभियुक्तगण अपने पर लगे आरोप स्वीकार करते है अभियुक्त न्यायालय के आदेश को स्वीकार करने के लिये तैयार है।

आरोपीगणो की ओर से अपराध स्वीकार किया गया है अतः किसी अन्य साक्ष्य की आवश्यकता प्रतित नही होती है। हमने पत्रावली का अवलोकन किया एवं उस पर मनन किया। अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकि. एवं स्वा. अधिकारी, बॉसवाडा के पत्रांक एफ.एस.एस.ए/2022/8 दिनांक 09–01–2023 एवं खाद्य विश्लेषक, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला बॉसवाडा से प्राप्त जांच रिपोर्ट क्रमांक 7 दिनांक 03–01–2023 अनुसार विक्रेता से वास्ते नमूना जांच हेतु क्रय किया गया **धनिया पाउडर (रजवाडी)** का नमुना कोड क्रमांक **W-1258** Misbrandad food under section 3(1)(zf) of food safety and standerds act 2006 पाया गया है। इस कारण प्रकरण का अंतिम निस्तारण किया जाना हम उचित समझते है।

अतः खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 3(1)(zf) के तहत मिसब्राण्डेड पाया गया **धनिया पाउडर (रजवाडी)** को विक्रय करके खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 26 की उपधारा 2(ii) का उल्लंघन होना पाया गया। जिसका जुर्माना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम–2006 की धारा 52 में निर्धारित है। अतः आरोपीगणो को दोष सिद्ध घोषित किया जाकर अप्रार्थी **श्री राजेन्द्र पटेल पुत्र श्री प्रभुलाल पटेल निवासी 6/25 सेक्टर नं. 6, गली नं. 5 व 6 खान्दु कोलोनी, बांसवाडा (विक्रेता/ मालिक) मैसर्स दक्ष ट्रेडर्स, आंबापुरा, जिला बांसवाडा (राज.) को रूपये 2000/– (अक्षरे दो हजार रुपया मात्र) से दण्डित कर** खाद्य सुरक्षा एवं मानक नियम 2011 के 3.1.2 के बिन्दू संख्या 3 में उल्लेखित आय मद 0210–चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य, 04–लोक स्वास्थ्य, 800–अन्य प्राप्तियां, (03)–खाद्य सुरक्षा कानून के अन्तर्गत अनुज्ञा–पत्र शुल्क आदि में उक्त जुर्माना राशि तीन दिवस में राजकोष में जमा कराकर चालान की प्रति इस न्यायालय में पेश करने आदेश जारी किये।

निर्णय आज दिनांक 23–07–2024 खुले न्यायालय सुनाया गया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Abhishek Goyal
Date: 2024.09.20 17:35:20 IST
Reason: SelfAttested

(अभिषेक गोयल)
न्याय निर्णयन अधिकारी
(अति. जिला मजिस्ट्रेट)
बांसवाड़ा (राज.)